nt>

Title: Requests to direct state Government of Uttar Pradesh to make peaceful arrangements to bury Moharram Tazias.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : अध्यक्ष महोदय, मैंने लगातार दो दिन शून्य काल में बोलने के लिए नोटिस दिया लेकिन आपने तीसरे दिन मुझे बोलने का अवसर दिया। मेरे निर्वाचन क्षेत्र चैल, कौशाम्बी (उत्तर प्रदेश) के अन्तर्गत ग्राम मिरदहन का पूरा व गढ़ी और फूलपुर में मईलहन सहित दर्जनों ग्रामों की भावनाओं से जुड़े मोहर्रम का ताजिया आज तक दफन नहीं हुआ है। वह ताजिया आज भी मस्जिद में रखा हुआ है। प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन की शह पर मोहर्रम के दिन ताजिए का दफन नहीं हुआ। ताजिया दफन स्थल कर्बला में भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के लोगों ने अनाधिकृत कब्जा किया हुआ है। गांव के दलित भाइयों को मोहरा बना कर और उन्हें आगे करके ताजिया दफन करने नहीं दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के तीन जनपद इलाहाबाद, कौशाम्बी एवं फतेहपुर के मुस्लिम भाइयों में इसको लेकर आक्रोश है। वे इससे भयभीत भी हैं। १६.६.९८ को चाहेलुम पर सभी मुस्लिम एवं हिन्दू भाइयों के सहयोग से ताजिया दफन होना है। मैं आपके माध्यम से सरकार व गृह मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करते हुए ताजिए के दफन की समुचित शांतिपूर्वक व्यवस्था कराने की कृपा करें।